
हरिभूमि
# विंध्य भूमि
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना
जबलपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### रेलवे कॉलोनी में चोरी करने वाला रंजीत गिरफ्तार



**सतना।** रेलवे क्वार्टरों में बढ़ती चोरियों पर लगाम लगाते हुए जीआरपी पुलिस ने टिकुरिया टोला निवासी आरोपी रंजीत महतो को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 2.50 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। चौकी प्रभारी राजेश राज के नेतृत्व में टीम ने रोशनी महतो और राधाबाई सेन के घरों में हुई चोरियों का खुलासा किया है। आरोपी को फिलहाल जेल भेज दिया गया है।

### मैहर में खुला केंद्रीय विद्यालय, नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**मैहर।** भारत सरकार ने मैहर जिले के लिए केंद्रीय विद्यालय के संचालन को मंजूरी दे दी है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक अस्थायी रूप से मां शारदा देवी यात्री निवास (वृद्धाश्रम के सामने) में संचालित होगा। सतना संसदीय क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है,जिससे स्थानीय बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिलेगा।

### अमिलिया के फर्जी झोलाछाप डॉक्टर की क्लिनिक शील

**मैहर।** मैहर के ग्राम अमलिया थाना बदेरा अंतर्गत उमेश पटेल व उसकी बहन ने मिलकर अपने निजी निवास में अवैध क्लिनिक का संचालन कर आम लोगों को चूना लगाने का काम कर रहे थे। आरोप लगाए जाते रहे है कि इस क्लीनिक में हैवी डोज खिलाकर 6महीने तक बेबस और लाचार अनपढ़ मरीजों को लूटने का काम बखूबी से किया जाता रहा है जिससे ग्रामीणों में असंतोष था। इस संबंध की शिकायत कलेक्टर,सीएमएचओ एवं अनुविभागीय अधिकारी से की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच करते हुए झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई की और क्लीनिक को सील कर दिया एवं आगे की कार्यवाही जारी है।

### युवाओं ने रैली निकालकर दिया सुरक्षित सफर का संदेश

**सतना।** सड़क सुरक्षा माह के तहत एसपी हंसराज सिंह के निर्देशन में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। एडिशनल एसपी शिवेंद्र सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें एकेएस यूनिवर्सिटी,विट्स महाविद्यालय और समरिटन कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुलिस ने व्यापारियों से भी अपील की है कि वे बाजारों में पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए निजी गार्ड तैनात करें ताकि एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड को रास्ता मिल सके।

### नशामुक्ति के लिए आज दो मिनट का मौन और शपथ

**सतना/मैहर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (30 जनवरी) पर दोनों जिलों में 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' मनाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और कलेक्टर रानी बाटड ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शहीद दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे सायरन बजते ही दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### आईएसबीटी सोनौरा अब आधिकारिक बस स्टैंड अधिसूचित, समस्याओं के लिए समिति गठित

**सतना।** रीवा संभाग आयुक्त ने बायपास स्थित सोनौरा आईएसबीटी को विधिवत बस स्टैंड घोषित कर दिया है। फिलहाल रीवा,मैहर और अमरपाटन रूट की बसें यहाँ से संचालित हो रही हैं। अन्य रूटों की शिफ्टिंग में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों के समाधान के लिए अपर कलेक्टर विकास सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति बनाई गई है। बस संचालक 6 फरवरी तक अपनी समस्याएं लिखित में दे सकते हैं।

### श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव 31 को मनाया जाएगा

**मैहर।** श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव एवं नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण ,शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 31 जनवरी शनिवार को पर्यटन सूचना केन्द्र क्रमांक 1 देवी जी रोड बस स्टैण्ड मैहर में किया गया है। श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन जिला मैहर ने सभी स्वजातीय बंधुओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# मैहर: बस में खूनी तांडव; टोल विवाद के बाद बदमाशों का पथराव, चालक-परिचालक गंभीर

**मैहर।**

**नेशनल हाइवे-30 पर ओढ़की टोल प्लाजा के पास बुधवार देर रात दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। मऊगंज से नागपुर जा रही विजयंत ट्रेवल्स की बस पर बाइक सवार बदमाशों ने न केवल पथराव किया,बल्कि बस के भीतर घुसकर चालक और परिचालक पर जानलेवा हमला भी किया। इस दौरान बस में सवार करीब 45 यात्री अपनी जान बचाने के लिए सीटों के नीचे दुबके रहे।**

### टोल विवाद बना हमले की वजह

घटनाक्रम के अनुसार,रात करीब 9 बजे ओढ़की टोल के लेन नंबर-7 में बिना नंबर की पल्सर बाइक सवार दो युवक जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। टोल कर्मियों ने जब उन्हें बाइक लेन में जाने को कहा,तो वे गाली-गलौच पर उतर आए।इसी दौरान बस के आने पर वे भड़क गए और अपने साथियों को फोन कर बस का पीछा करने लगे। थोड़ी दूर स्थित पड़हा पेट्रोल पंप के पास करीब पांच युवकों ने बस को रोककर हमला बोल दिया।



### बस में घुसकर किया लहूलुहान

बदमाशों ने सड़क किनारे पड़े भारी पत्थरों से बस के अगले शीशे फोड़ दिए,जिससे कांच के टुकड़े यात्रियों की सीटों तक जा गिरे। हमले में परिचालक की आंख में गंभीर चोट आई है। इसके बाद आरोपी बस के अंदर घुस गए और परिचालक व हेल्पर को बेरहमी से पीटा।चालक विजय सेन के सिर पर पत्थर मारकर उसे लहूलुहान कर दिया गया।

### भागते समय आरोपियों का हुआ एक्सीडेंट

पुलिस की सक्रियता और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की घेराबंदी की गई। हैरानी की बात यह रही कि वारदात को अंजाम देकर भाग रहे कुछ आरोपी अमरपाटन–सतना मार्ग पर ग्राम गड़ौली के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल आरोपियों को सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया है,जहाँ वे पुलिस की निगरानी में हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल

घटना के करीब 3 घंटे बाद,रात 12 बजे दूसरी व्यवस्था कर बस को नागपुर रवाना किया गया। इस घटना ने NH-30 पर यात्रियों की सुरक्षा और हाइवे पेट्रोलिंग टीम की अनुपस्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

# कंप्यूटर चोरी करने की सनक: हथौड़ी लेकर एयरपोर्ट की दीवार तोड़ घुसा बीटेक छात्र, गिरफ्तार



**सतना।**

शहर के कोलगवा थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है,जहां एक बीटेक छात्र कंप्यूटर चोरी करने के इरादे से हवाई पट्टी (एयरपोर्ट) की सुरक्षा दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। पुलिस ने आरोपी युवक को रंगे हाथों पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,पकड़ा गया युवक इंजीनियरिंग (बीटेक) का छात्र है। बताया जा रहा है कि युवक का अपना कंप्यूटर खराब हो गया था,जिसके कारण उसकी पढ़ाई और अन्य काम प्रभावित हो रहे थे। उसने अपने पिता से नया कंप्यूटर दिलाने की मांग की थी,लेकिन पिता द्वारा मना किए जाने पर उसने चोरी का खौफनाक रास्ता चुना।

### हथौड़ी लेकर पहुंचा था आरोपी

युवक ने योजना बनाई कि वह एयरपोर्ट के कार्यालय से कंप्यूटर चोरी करेगा। वह अपने साथ एक हथौड़ी लेकर पहुंचा और हवाई पट्टी की बाउंड्री वॉल पर प्रहार कर उसे तोड़ दिया। दीवार तोड़कर जैसे ही वह अंदर दाखिल हुआ,वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों और पुलिस की नजर उस पर पड़ गई।

### पुलिस की कार्रवाई

कोलगवा पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर मौके से ही दबोच लिया। हालांकि,चोरी के पीछे का सही कारण अभी आधिकारिक जांच का विषय है,लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में कंप्यूटर की चाह ही मुख्य वजह निकलकर सामने आ रही है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

# नवनिर्मित आईएसबीटी बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू, शहर को मिलेगी जाम से राहत






**सतना।**

शहर की बढ़ती यातायात समस्या,जनसंख्या घनत्व और विकेंद्रीकरण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सतना स्मार्ट सिटी फंड से निर्मित नए अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह आधुनिक बस टर्मिनल शहर के भविष्य के विकास और मजबूत परिवहन व्यवस्था के अनुरूप तैयार किया गया है। नए आईएसबीटी में 46 बस बे एक साथ संचालित करने की क्षमता है, साथ ही 60 से अधिक बसों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था, प्रतीक्षालय,पूछताछ कक्ष,पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट और वाहन पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। टर्मिनल में 46 दुकानें और 20 कमर्शियल स्पेस बनाए गए हैं, जहां व्यापारी अपना व्यवसाय संचालित कर सकेंगे।भूतल और प्रथम तल पर दो कैंटीन,महिला एवं पुरुषों के लिए दो-दो डॉरमेट्री,एक महिला आंचल कक्ष तथा तीन वेटिंग रूम जैसी अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो पुराने बस स्टैंड में नहीं थीं। यात्रियों को बसस्टैंड से शहर में आसान आवागमन के लिए सिटी बस सेवा में वृद्धि और ऑटो किराया निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने आईएसबीटी के सुचारु क्रियान्वयन और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित की है। इस समिति में एसडीएम राहुल शिलाडिया,एआरटीओ संजय श्रीवास्तव,डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे और उपायुक्त नगर निगम सत्यम मिश्रा शामिल हैं।

# आरपीएफ-जीआरपी और ऑपरेटिंग की शानदार जीत




**सतना।**

रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएफ प्रीमियर लीग में गुरुवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में आरपीएफ+जीआरपी ने जीत दर्ज की,वहीं दूसरे मैच में ऑपरेटिंग की टीम विजयी रही। आरपीएफ+ जीआरपी बनाम सतना पी-वे पहले मैच में आरपीएफ + जीआरपी ने 15 ओवरों में 146 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा,जिसमें भवानी (27 रन) और सुरेंद्र (26 रन) का मुख्य योगदान रहा। जवाब में सतना पी-वे की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर केवल 85 रन ही बना सकी। कप्तान वीरेंद्र यादव को उनकी घातक गेंदबाजी (3 विकेट) के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मैहर आरपीएफ प्रभारी एस.पी. सिंह उपस्थित रहे।

### दूसरा मैच ऑपरेटिंग बनाम मां शारदा क्लब मैहर

दूसरे मुकाबले में ऑपरेटिंग की टीम ने एकतरफा जीत हासिल की। मां शारदा क्लब मात्र 46 रनों पर ढेर हो गई। ऑपरेटिंग के गेंदबाजों (राहुल 3 विकेट, पुष्प दत्त, अमरजीत और अमित 2-2 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑपरेटिंग ने मात्र 4 ओवरों में 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। अमित को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन (2 विकेट और नाबाद 13 रन) के लिए 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया।



# मेहुती में अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आगाज: मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**सतना।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अमर शहीद सुखराम सिंह की पावन स्मृति में आयोजित अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि के करकमलों से संपन्न हुआ।स्थानीय खेल परिसर में आयोजित इस उद्घाटन समारोह ने पूरे क्षेत्र को खेल भावना और राष्ट्रभक्ति के उत्साह से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी एवं अमर शहीद सुखराम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा,खेल अनुशासन,टीम भावना और भाईचारे का सशक्त माध्यम हैं।युवाओं को खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। आयोजन समिति के अनुसार,इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड, पंजाब,हरियाणा,दिल्ली और छत्तीसगढ़ की टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को 21,000 एवं उपविजेता को 15,000 नकद,ट्रॉफी के साथ प्रदान किए जाएंगे। 30 जनवरी को शहीद दिवस पर अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। बाहरी टीमों के मुकाबले 1 फरवरी तक चलेंगे, जिसके बाद फाइनल मैच होगा।

# खुले आसमान के नीचे बर्बाद हो रही किसानों की मेहनत, प्रशासन की चुप्पी पर भड़का मध्य भारत मोर्चा

**सतना।**

जिले में धान खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था और मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों की रातों की नींद उड़ा दी है। इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने प्रशासन और केंद्र संचालकों की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल खड़े किए हैं।

### लाखों मीट्रिक टन धान पर संकट

भाटिया ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। उन्होंने बताया कि हर खरीदी केंद्र पर लाखों मीट्रिक टन धान खुले में पड़ा हुआ है। यदि बारिश होती है,तो किसानों की साल भर की मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और केंद्र संचालक चुप्पी साधे बैठे हैं।



### किसान की दोहरी मार,खाद से लेकर भुगतान तक संघर्ष

किसानों की बदहाली का जिक्र करते हुए भाटिया ने कहा कि एक किसान को अपनी फसल उगाने से लेकर बेचने तक हर कदम पर संघर्ष करना पड़ रहा है। फसल बोने के समय किसान खाद के लिए लंबी कतारों में लगकर परेशान होता है। उपज बेचने के लिए किसानों को खरीदी केंद्रों पर कई-कई रातें जागकर बितानी पड़ रही हैं। केंद्रों पर अनाज को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल या उचित भंडारण की व्यवस्था नदारद है।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

मध्य भारत मोर्चा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खुले में रखे धान को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए या उचित कवरिंग की व्यवस्था हो। किसानों को उनकी फसल का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए ताकि वे आर्थिक तंगी से बच सकें।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल: नागौद थाने का घेराव कर धरने पर बैठे कार्यकर्ता

**सतना।**

भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सतना जिले के नागौद में सियासी पारा गरमा गया है।गुरुवार को कांग्रेस नेत्री श्रीमती डॉक्टर रश्मि सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सिंहपुर चौराहे पर एकत्रित हुए,जहाँ से हुंकार भरते हुए वे नागौद थाने का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है, जिसके कारण आरोपी की गिरफ्तारी में देरी की जा रही है। सिंहपुर चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके पश्चात,डॉक्टर रश्मि सिंह के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता नागौद थाने के सामने ही धरने पर बैठ गए। थाने के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्पष्ट कहना है कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होती,उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में काफी गहमागहमी बनी हुई है।



## खबर संक्षेप

### आपसी विवाद में दो पक्षों की रिपोर्ट, मारपीट व धमकी के आरोप

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरवाह में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामले में दोनों ओर से थाना पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।पहले पक्ष की ओर से फरियादी राजनारायण यादव (55) निवासी पिपरवाह ने अपने पुत्र के साथ थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 जनवरी की रात करीब 8:30 बजे कृष्णा ढावा के पास स्थित उनकी किराना दुकान पर धीरू यादव व मनीष विश्वकर्मा सिगरेट लेने आए। पैसे मांगने पर गाली-गलौज हुई और आरोप है कि दोनों ने मारपीट कर उन्हें व उनके पुत्र को चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के गवाह के रूप में राजू अवस्थी व शारदा यादव का उल्लेख किया गया है।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से धीरू उर्फ बसंत यादव (28) निवासी पिपरवाह ने अपने मित्र मनीष विश्वकर्मा के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 जनवरी की रात शारदा ढावा के पास उनके चाचा राजनारायण यादव से जमीन विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हुई, जो मारपीट में बदल गई। आरोप है कि राजनारायण यादव व उनके पुत्र ने डंडे से हमला किया, जिससे उन्हें व उनके मित्र को चोटें आईं तथा जान से मारने की धमकी दी गई।थाना अमानगंज पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मोटर साइकिल विवाद में मारपीट, गाली-गलौज व धमकी का मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरवाह में मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद में मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। मामले में बृजेन्द्र अवस्थी ने अपने बड़े भाई के साथ थाना पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई है।फरियादी बृजेन्द्र अवस्थी (28) पिता सालिकराम अवस्थी निवासी पिपरवाह ने बताया कि 28 जनवरी की दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपने खेत से घर लौटे थे। इसी दौरान सीताराम यादव के कोड़ा के पास उनके बड़े भाई रामाधार अवस्थी को इन्द्रपाल यादव गाली-गलौज कर रहा था। गाली देने से मना करने पर इन्द्रपाल यादव ने मोटरसाइकिल को लेकर विवाद शुरू कर दिया और आरोप है कि उसने हाथ-घूंसों से मारपीट की।बीच-बचाव करने पर इन्द्रपाल यादव ने बृजेन्द्र अवस्थी के साथ भी मारपीट की। मौके पर दीपक यादव एवं लखन आदिवासी ने पहुंचकर बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय इन्द्रपाल यादव ने मोटरसाइकिल नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।मारपीट में बृजेन्द्र अवस्थी के दोनों गालों व दाहिने कंधे में दर्द की शिकायत है, वहीं उनके बड़े भाई रामाधार अवस्थी के बाएं गाल में दर्द बताया गया है।पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**संपूर्ण सवर्ण समाज ने नवीन यूजीसी नियम 2026 के विरोध में वहीं आईएस संतोष वर्मा की गिरफ्तारी को लेकर तथा**

# मनुस्मृति जलाने वालों के विरोध में सोंपा कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन

महामहिम राष्ट्रपति माननीय प्रधानमंत्री व माननीय राज्यपाल के नाम संपूर्ण सवर्ण समाज ने विष्वविद्यालय अनुदान आयोग के नये नियम प्रमोषन ऑफ इक्वेलिटी इन हायर एजूकेषन रेगुलर 2026 को वापस लेने एवं संतोष वर्मा तथा मनुस्मृति जलाने वालों पर एफआईआर दर्ज करने के संबंध में सड़कों में उतर कर कलेक्टर के माध्यम से सोंपा ज्ञापन






**पन्ना**

संपूर्ण देष में जहां विष्व विद्यालय अनुदान आयोग के नये नियम प्रमोषन ऑफ इक्वेलिटी इन हायर एजुकेषन रेगुलर 2026 को वापस लेने को लेकर विरोध प्रदर्षन जारी है, इसी क्रम में जिला मुख्यालय में जहां सवर्ण संपूर्ण समाज ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर माननीय महामहिम राष्ट्रपति व माननीय प्रधानमंत्री तथा माननीय राज्यपाल के नाम एवं माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सोंपा गया है। इतना ही नहीं इस ज्ञापन में आईएस संतोष वर्मा ने जो एक बेटी परा अपमानजनक टिप्पणी कर समाज में घृणा व विद्वेष फैलाने का कार्य परन्तु उनके विरूद्ध एफआईआर नहीं हुई ग्वालियर में हिन्दुओं का धार्मिक ग्रन्थ मनुस्मृति को जलाया गया उनके विरूद्ध भी एफआईआर नहीं हुई परन्तु जब माई के लालों ने ग्वालियर में उक्त अन्याय के विरोध में आन्दोलन किया तब किसी ने एक पोस्टर जलाया उस पर अनिल मिश्रा एडवोकेट और उनके साथियों पर एट्रोसिटी एक्ट का मुकदमा दर्ज हो गया। उक्त पक्षपात पूर्ण कार्यवाही के संबंध में विभिन्न संगठनों द्वारा विभिन्न स्तरों पर थाना प्रभारी मुख्य सचिव एवं डीजीपी को ज्ञापन दिये गये। केन्द्र सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना 13.01.2026 को जो दिनांक 15.01.2026 से प्रभावषील बनाये गये आधार पर विषेष रूप से अनुसचित जाति अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों आर्थिक रूप से कमजोर जनों अथना इनमें से किसी के सदस्यों के विरूद्ध भेदभाव का उल्लंघन करना तथा षिक्षा संस्थानों के हित धारकों के मध्य विष्व विद्यालय अनुदान आयोग कुछ षिक्षा संस्थानों में समिता के संवर्धन हेतु विनियम 2026 (यू0आई0एन0 1/2026) उच्च अधिनियम धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म, स्थान, दृष्टता से पूर्ण समिता एवं सभावेषन को संबंधन देना विष्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा जो नये नियम प्रमोषन ऑफ एक्वेलिटी इनह ायर एजूकेषन रेगुलर 2026 बनाये गये है वे छात्रों में जाति समानता के आधार पर वर्ग संघर्ष को जन्म देने वाले है यह महाविद्यालयों, विष्वविद्यालयों में अध्ययनरत बृद्धिमान एवं योग्य सवर्ण विद्यार्थियों के प्रति अन्याय के घोतक विनियम है यदि विष्व विद्यालय अनुदान आयोग इन नियमों के रहते उच्च षिक्षा संस्थानों में जाति वादि विष घोलेगा तो सवर्ण अधिकारी कर्मचारियों के योग्य बृद्धिमान और होनहार नौजवान महाविद्यालय एवं विष्व विद्यालय में शांति से अध्ययन भी नहीं कर पायेंगे। ऐसे नियम हमारे देष के सौहार्द पूर्ण सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने वाले है तथा उच्च स्तरिय षिक्षण संस्थाओं में घृणा, वैमनस्य और दूवेष के बीज बोने वाले है। अतः संपूर्ण संवर्ण समाज ने ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया कि बेटी का अपमान करने एवं समाज में घृणा व दूवेष फैलाने वाले के आरोप में आईएएस संतोष वर्मा पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देष दिये जायें एवं ग्वालियर में जिन लोगों ने मनुस्मृति जलाकर हिन्दुओं की धार्मिक भावना भड़काया तथा विभिन्न वर्गों के बीच घृणा एवं विद्वेष फैलाने का कार्य किया उनके विरूद्ध भी एफआईआर शीघ्र दर्ज करने के निर्देष दिये जायें इस तरह से ज्ञापन में जहां संपूर्ण सवर्ण समाज ने देष की समानता एवं स्वतंत्रता जैसे उच्च वैचारिक आधारों पर जो आज खड़ा है और इसी से देष की एकता और अखण्डता मजबूत होती है इस पर ध्यान दिया जाये। इतना ही नहीं सवर्ण समाज के अध्ययनरत बच्चों के लिये अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण विनियम ये न्याय के उच्चतम मापदण्डों के सिद्धातों के तथा नैसर्गिक न्याय के सिद्धातों के पूर्णतः विपरीत है तथा महाविद्यालयों एवं विष्व विद्यालयों के छात्रों में वर्ग संघर्ष को जन्म देने वाले नियम है इन्हें तत्काल समाप्त किया जाये। गौरतलब बात यह है कि जिस तरह से संपूर्ण सवर्ण समाज ने अपना रोष व्यक्त करते हुये ज्ञापन सोंपा वहीं इस यूजीसी नये नियम में निष्चिततौर पर भाजपा पार्टी फस चुकी है और सवर्णों के विरोध व आक्रोष को अगर गौर से ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में सत्ता पर आसीन रहने वाली पार्टी शायद अपनी सत्ता खो सकती है। क्योंकि जिस तरह से भाजपा में एक विषेष रणनीति के तहत पहले अपने बड़े नेताओं को अलग किया गया है वहीं अब सवर्ण मतदाताओं को अलग करने का जो कार्य किया जा रहा है इससे कहीं न कहीं पार्टी का मूल मतदाता अपनी राह बदलने को मजबूर होगा। जिससे सत्ता कहीं न कहीं विखराव को लेकर जानी जायेगी।

**नुनाही पेट्रोल पंप के पास पलटी कार, चोर फरार**

# चांदनी चौक देवेंद्रनगर से चोरी की कार लेकर भाग रहे चोर ने 2-3 लोगों को मारी टक्कर





**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर के चांदनी चौक इलाके से इस वक्त एक सनसनीखेज खबर सामने आ रही है,जहाँ चोरी की गई कार ने सड़कों पर तांडव मचा दिया।तेज रफ्तार और लापरवाही से भाग रहे चोर ने 2 से 3 लोगों को टक्कर मारी,और आखिरकार कार नुनाही पेट्रोल पंप के पास पलट गई,हालांकि हादसे के बावजूद चोर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। देवेंद्रनगर में चोरी की यह वारदात उस वक्त और भी खतरनाक हो गई, जब सड़क किनारे खड़ी चार पहिया अर्टिगा कार को चोर चोरी कर भागने लगा।

गाड़ी का मालिक जब चिल्लाया तो स्थानीय लोगों ने चोर का पीछा करना शुरू किया, लेकिन चोर ने बेहद तेज रफ्तार में कार दौड़ा दी, जिससे रास्ते में 2 से 3 लोगों को टक्कर लग गई।

**प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक**

एक व्यक्ति को तो कार की बोनट में कुछ दूरी तक घसीटे जाने की भी बात सामने आ रही है। भागते हुए चोर की कार सतना रोड स्थित नुनाही पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलट गई, लेकिन इसके बावजूद चोर कार को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। चोरी की गई अर्टिगा कार डडबरिया निवासी प्रीतम गर्ग की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही देवेंद्रनगर पुलिस मौके पर पहुंची, पलटी हुई कार को क्रेन की मदद से निकला जा रहा है देवेंद्रनगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं और अपराधियों की इस तरह की लापरवाही अब आम लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही हैं।

**सवाल यही है-**

क्या पुलिस समय रहते ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कस पाएगी, या फिर आम जनता यूँ ही दहशत में जीने को मजबूर रहेगी।

**ढाबे से 353 पाव देशी मदिरा सादा कुल मात्रा 63.54 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त की गई।**

# शराब की लत ने शिक्षक को बनाया शराब तस्कर आबकारी ने पहुंचाया जेल

**पन्ना।** शराब की लत ने बहुत से लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देती है। इसी का एक उदाहरण पन्ना जिले में आबकारी विभाग की कार्रवाई के दौरान देखने मिला। पन्ना जिले में कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम शिकारपुरा में जंगल सफारी ढाबा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब का भंडारण और विक्रय कर रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, उनके निर्देश पर आबकारी की टीम ने अचानक ग्राम शिकारपुरा स्थित ढाबे पर छापेमार कार्रवाई की। आरोपी अरविंद सिंह पिता गुलाब सिंह, उम्र 45 वर्ष निवासी पवई की उपस्थिति में ढाबे की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें ढाबे से 353 पाव देशी मदिरा सादा कुल मात्रा 63.54 बल्क लीटर अवैध शराब अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपए जप्त की गई। आरोपी के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस नहीं पाया गया। अतः आरोपी को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 ( 2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कोविड काल से पहले वो गुजरात में शिक्षक था, लेकिन शराब की लत के कारण नौकरी छोड़नी पड़ी



। फिर गुजरात में ही होजरी का व्यवसाय शुरू किया। शराब की लत ने यहाँ बहुत घाटा करवाया जिससे कि लाखों का कर्ज हो गया। कर्ज चुकाने के लिए गुजरात में ही अवैध रूप से शराब का कारोबार करने लगा, लॉकडाउन लगने के कारण वहां अवैध शराब का धंधा ठप हो गया। अतः वापिस अपने गृहनगर पवई आ गया और यहां कटनी और दमोह से अवैध शराब की तस्करी कर पवई और आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करता था। इसके पूर्व आबकारी विभाग द्वारा ही अवैध शराब के साथ गिरफ्तार रघुनंदन जायसवाल पिता रामाधीन जायसवाल निवासी पवई को आरोपी अरविंद सिंह द्वारा ही अवैध शराब दी जाती थी । मामले में और भी आरोपी हो सकते है, इसलिए प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, सोनू कोरकू, रवि प्रकाश मिश्रा, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, कौशल्या बाई और सुरेंद्र सिंह बुंदेला, आकाश साहू सम्मिलित रहे।

**पन्ना जिले में धान खरीदी बना प्रशासनिक तमाशा**

# कलेक्टर और खाद्य विभाग की चुप्पी से सड़ने को मजबूर धान, भूख की कगार पर पल्लेदार, पैसा अटका

**देवेन्द्रनगर।** पन्ना जिले में धान खरीदी के बाद परिवहन व्यवस्था का पूरी तरह ध्वस्त हो जाना यह साबित करता है कि जिला प्रशासन, कलेक्टर कार्यालय और खाद्य विभाग पूरी तरह विफल हो चुके हैं। सवाल अब सिर्फ लापरवाही का नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई उदासीनता का है। क्या जिले के कलेक्टर को यह तक नहीं पता कि खरीदी केंद्रों में धान उठ ही नहीं रहा? पल्लेदारों से रोजगार छीना, परिवार भुखमरी की कगार पर जिले के दर्जनों खरीदी केंद्रों में धान का उठाव बंद है। नतीजा सैकड़ों पल्लेदार बेरोजगार। जो मजदूर रोज कमाकर शाम की रोटी जुटाते थे, वे आज खाली हाथ घर लौट रहे हैं। खाद्य विभाग के अधिकारी शायद यह भूल चुके हैं कि फाइलों के पीछे जिंदा इंसान भी होते हैं। बारिश में भीग रहा सरकारी धान यह लापरवाही नहीं, अपराध है। लगातार बारिश में खुले आसमान के नीचे पड़ा सरकारी धान प्रशासन के मुंह पर करारा तमाचा है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का सीधा मामला है।



**अब साफ पूछा जाना चाहिए-**

क्या जिला खाद्य अधिकारी जवाब देंगे? या फिर हमेशा की तरह फाइलें दबाकर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा? किसानों का पैसा अटका, प्रशासन बेशर्म खामोश धान का परिवहन नहीं, तो भुगतान नहीं और बिना भुगतान के किसान टूट रहा है। हजारों किसान अपने ही खून-पसीने की कमाई के लिए चक्कर काट रहे हैं। बैंक का दबाव, कर्ज की किश्तें, खाद-बीज का खर्चकृसब कुछ किसान के सिर पर है, लेकिन प्रशासन के पास न समय है, न संवेदना। खरीदी पहले से तय, फिर यह अव्यवस्था क्यों? धान खरीदी कोई प्राकृतिक आपदा नहीं थी। यह हर साल होने वाली प्रक्रिया है। फिर भी ट्रांसपोर्टर्स से समय रहते अनुबंध क्यों नहीं हुए? बारिश से बचाने के इंतज़ाम क्यों नहीं किए गए? निगरानी और जिम्मेदारी तय क्यों नहीं की गई? इन सवालों के जवाब आज तक कलेक्टर और खाद्य विभाग नहीं दे पाए, और शायद देना भी नहीं चाहते। जनता का सीधा सवाल क्या पन्ना जिले की धान खरीदी व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दी गई है? या फिर यह जानबूझकर की गई लापरवाही किसी बड़े घोटाले की भूमिका तैयार कर रही है? जनहित की स्पष्ट मांग तत्काल धान परिवहन शुरू किया जाए किसानों का भुगतान तुरंत कराया जाए बारिश में खराब हुए धान की जिम्मेदारी तय हो दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

# शाहनगर मण्डल में आयोजित हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

**हजारों की संख्या में सर्व समाज के हिंदुओं की रही ऐतिहासिक सहभागिता।**




**शाहनगर।** संघ शताब्दी वर्ष के पावन उपलक्ष्य में गुरुवार को तहसील प्रांगण शाहनगर में दोपहर 2 बजे से एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस विराट आयोजन में सर्व समाज के हजारों हिंदूजन उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। पूरा तहसील प्रांगण जय श्री राम के जयघोष और भक्ति के वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वृंदावन धाम से पधारे संत श्री अशोक शास्त्री जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। वहीं बागेश्वर धाम की प्रिय शिष्या शक्ति दुबे ने अपने सुमधुर भजन-कीर्तन से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। विशिष्ट महिला अतिथि के रूप में ग्राम बिसानी की सरपंच श्रीमती शशिकला सियाराम चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन, भूमि पूजन एवं गौ पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगीत “वंदे मातरम्” के सामूहिक गायन से सम्मेलन की विधिवत शुरुआत हुई। मंच से संतों, अतिथियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और हिंदू समाज में संस्कार, संगठन एवं समरसता पर बल दिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता राहुल जी ने उपस्थित हिंदू समाज से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान समाज में विशेष योगदान देने वाले सभी समाज प्रमुखों का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तियों में दामोदर प्रसाद तिवारी शाहनगर विजय चौधरी सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी, पुरैना, के.बी. अग्रवाल शाहनगर, रामबहोरी कुररिया रामपुर खजुरी, उदयभान सिंह श्यामगिरी, रतीराम साहू सुडौर, डॉ. रघवीर सिंह राठौर खमतरा, अमितदास पुरैना, कट्टी आदिवासी बिसानी, लालजी यादव सर्रा, शकब्बा बाल्मीक शाहनगर, सियाराम वर्मन। कार्यक्रम के समापन से पूर्व भारत माता की आरती उतारी गई, जिसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। सम्मेलन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं अत्यंत सफल रहा।

# वन विभाग की पवई में बड़ी कार्यवाही, सांभर हिरण को टक्कर मारने वाला आरोपी जेल में, ट्रक जब्त

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत पवई बायपास सड़क पर लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाने से सांभर हिरण की मृत्यु के मामले में वन विभाग द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्यवाही की गई है। घटना में संलिप्त ट्रक चालक रणधीर सिंह पिता राजेंद्र सिंह निवासी रैगवां को वन विभाग ने अभिरक्षा में लेकर आज दिनांक 29/01/26 को न्यायालय पवई में प्रस्तुत किया, जहां से उसे उपजेल पवई भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त ट्रक को वन विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है। इस कार्यवाही में आईएफएस प्रशिक्षु एवं उपवनमण्डल अधिकारी पवई श्री अक्षत जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई श्री नीतेश पटेल, परिक्षेत्र सहायक श्री बी.के. खरे, वन रक्षक श्री रामजी गर्ग सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे। दिनांक 28/01/26 को निर्माणाधीन मार्ग के मध्य भाग में वन विभाग द्वारा एक सांभर (ब्मतअने नदपबवसवत) मृत अवस्था में पाया गया था। सांभर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में सूचीबद्ध संरक्षित वन्यप्राणी है। मृत पशु के शरीर पर वाहन से टक्कर के स्पष्ट चिन्ह, गंभीर आघात एवं रक्तस्राव के संकेत पाए





गए थे। जांच के दौरान संकलित भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संबंधित ट्रक को चिन्हित कर जब्त किया गया। वाहन के अग्र भाग की हेडलाइट क्षतिग्रस्त पाई गई तथा सामने के हिस्से पर रक्त के धब्बे और वन्यप्राणी के बाल मिले, जो मृत सांभर से मेल खाते पाए गए। मृत वन्यप्राणी का पोस्टमार्टम कर आवश्यक सैंपल्स प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए एवं नियमानुसार अंतिम संस्कार किया गया। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह प्रकरण वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 एवं अन्य अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय पाया गया।

# भालू हमले के बाद वन रक्षकों की तत्परता बनी जीवन रक्षक, घायल को तत्काल दिलाया उपचार


**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वनपरिक्षेत्र अंतर्गत सुनादर बीट में दिनांक 29 जनवरी को एक भालू द्वारा ग्रामीण पर हमला किए जाने की घटना सामने आई। इस हमले में 50 वर्षीय रामस्वरूप यादव निवासी जूही गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के उपरांत उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया है। वर्तमान में पीड़ित शासकीय अस्पताल में उपचाराधीन हैं तथा वन विभाग का स्टाफ निरंतर उनके संपर्क में बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामस्वरूप यादव अपने पिता आशाराम यादव के साथ भैंसों को चराने के लिए जंगल क्षेत्र में गए थे। सुनादर बीट के समीप झाड़ियों में छिपे एक भालू ने उन पर अचानक हमला कर दिया। अप्रत्याशित हमले में उन्हें संभलने का अवसर नहीं मिला और भालू ने उनके हाथ व पैरों पर दांतों और नाखूनों से गहरे घाव कर दिए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य प्रारंभ किया। बीट गार्ड पुष्पेंद्र पाल, गजेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह भदोरिया एवं महेंद्र द्वारा घायल को सुरक्षित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वन विभाग द्वारा मौके पर ही पीड़ित को प्रारंभिक सहायता राशि भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें तात्कालिक राहत मिल सकी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के अनुसार रामस्वरूप यादव के शरीर पर गंभीर जख्म पाए गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया। वनमण्डल अधिकारी दक्षिण पन्ना के निर्देशन में कल्दा उप वनमण्डल अधिकारी श्री नितिन निगम द्वारा कटनी जाकर पीड़ित एवं उनके परिजनों से भेंट कर उपचार संबंधी जानकारी ली गई तथा विभागीय सहायता का भरोसा दिलाया गया। वन विभाग द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि भालू बहुल क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें। जंगल में अकेले न जाएं, घनी झाड़ियों या सीमित दृश्यता वाले क्षेत्रों में प्रवेश से पूर्व आवाज करें तथा अचानक भालू के सामने आने पर न तो दौड़ें और न ही उसकी आंखों में सीधे देखें। भालू दिखाई देने पर शांत रहते हुए धीरे-धीरे पीछे हटें। यदि आमना-सामना हो जाए तो स्वयं को बड़ा दिखाने का प्रयास करें, जमीन पर न लेटें तथा सिर और चेहरे को सुरक्षित रखें। विशेष रूप से सुबह एवं शाम के समय, महुआ या अन्य फलदार वृक्षों के आसपास अतिरिक्त सतर्कता बरतना आवश्यक है। किसी भी वन्य प्राणी की उपस्थिति की सूचना तुरंत नजदीकी वन चौकी या वनकर्मी को देना नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### महिला को ब्लैकमेल करने के आरोप में कथित कवि गिरफ्तार



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक महिला को आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की है। पुलिस ने शहर के एक कथित युवा कवि को महिला की शिकायत पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि, ताजा जानकारी के अनुसार आरोपी वर्तमान में जमानत पर बाहर आ गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले एक महिला ने कवि सुश्रुत त्रिपाठी के विरुद्ध छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी उस पर राजीनामा करने का लगातार दबाव बना रहा था। आरोपी के पास महिला की कुछ निजी तस्वीरें और वीडियो थे, जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वह पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित और ब्लैकमेल कर रहा था। महिला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेजा गया था। हलांकि फिलहाल सुश्रुत त्रिपाठी जमानत पर जेल से बाहर आ गया है।

### बॉलीवुड की बाल कलाकार माही सोनी ने दिया स्वच्छता का संदेश



छतरपुर। शहर के गणेश एनक्लेव में संचालित आरपीएम एकेडमी में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक धमाकेदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य आकर्षण पहुंचीं बॉलीवुड की बाल कलाकार माही सोनी ने अपनी शुभकामनाओं के साथ ही बच्चों और अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का विशेष संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयराम चतुर्वेदी, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव पुष्पेंद्र पटैरिया, और बगोता के पूर्व सरपंच रमेश तिवारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस गरिमामयी समारोह में हरि प्रकाश खरे (दादू), डॉ. मकबूल खान, वरिष्ठ अतिथि सुशील दुबे, राधेश्याम सोनी, राजेंद्र तिवारी गुरु, मोहम्मद रफीक, डॉ. दिनेश पाठक और दिनेश यादव सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने किया उग्र प्रदर्शन



चंदला। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी कानून के विरोध में अब महानगरों के बाद ग्रामीण और नगरीय अंचलों में भी आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी है। सवर्ण समाज ने इसे काला कानून करार देते हुए इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। चंदला विधानसभा क्षेत्र में इस कानून के विरोध में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंदला विधानसभा के दर्जनों गांवों से हजारों की तादाद में सवर्ण समाज के लोग स्थानीय सर्किट हाउस पर एकत्रित हुए। यहाँ से हाथों में विरोध की तख्तियां लिए हुए एक विशाल जनसमूह प्रदर्शन करते हुए चंदला तहसील कार्यालय पहुँचा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे वक्ताओं ने कहा कि यह कानून हिंदुओं को आपस में लड़ाने की एक साजिश है, जिसे समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। तहसील कार्यालय पहुँचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार नारायण अनुरागी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि केंद्र सरकार इस कानून में संशोधन कर इसे वापस नहीं लेती है, तो आगामी 1 फरवरी को घोषित भारत बंद में चंदला क्षेत्र के लोग पूर्ण सहयोग करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो सवर्ण समाज उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

## मिट्टी से निकले पुराने सिक्के, लूटने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

# राजगढ़ पैलेस के पास खजाना मिलने का दावा

### पुरातत्व विभाग और प्रशासन जांच में जुटा





छतरपुर।

जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रनगर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे डाली गई मिट्टी में पुराने सिक्के मिलने का दावा किया। सोशल मीडिया पर मिट्टी से सिक्के बटोरते ग्रामीणों के वीडियो वायरल होने के बाद मौके पर भारी हुजूम उमड़ पड़ा। ग्रामीणों का दावा है कि ये सिक्के राजगढ़ पैलेस के मैदानी इलाके की खुदाई से निकली मिट्टी में मिले हैं और ये करीब 500 साल पुराने सोने के सिक्के हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार राजगढ़ पैलेस के मैदानी इलाके की खुदाई से निकली मिट्टी को एनएच-39 के किनारे भराव के लिए डाला गया था। राहगीरों की नजर जब मिट्टी में चमकते सिक्कों पर पड़ी, तो शोर मच गया। देखते ही देखते ग्रामीणों ने टॉर्च की रोशनी में रात भर मिट्टी छानी। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि कई लोगों के हाथ भारी मात्रा में सिक्के लगे हैं, जिन्हें वे अपने साथ ले गए हैं। अब प्रशासनिक अधिकारी इन सिक्कों की पहचान और उन्हें ले जाने वालों की तलाश में जुट गए हैं। पैलेस के अंदर की खुदाई और पूर्व के दावों पर उठ रहे सवाल इस घटना ने क्षेत्र में पुरानी चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि बाहरी इलाके की मिट्टी में सिक्के मिल रहे हैं, तो महल के भीतर हुई खुदाई का सच क्या है? चर्चा है कि वर्ष 2004 और 2005 के दौरान भी महल परिसर के अंदर खुदाई की गई थी। उस समय मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने को लेकर भी अब ग्रामीण कई तरह की कल्पनाएं और जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि ओबेरॉय ग्रुप द्वारा संचालित इस परिसर के भीतर आखिर क्या रहस्य छिपे हैं? बहरहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और स्थानीय प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। हालांकि, सिक्के वास्तव में सोने के हैं या किसी अन्य धातु के, और उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है, इसकी पुष्टि पुरातत्व विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी। प्रशासन ने लोगों से धैर्य रखने और ऐसी किसी भी सामग्री को सरकारी संपत्ति मानकर जमा कराने की अपील की है।

## 30 साल पहले धर्म बदलने वाली रानी बेगम से फिर बनी शीला यादव

# साधु-संतों की मौजूदगी में की सनातनी धर्म में घर वापसी



छतरपुर।

शहर के वार्ड क्रमांक 11 की पूर्व पार्षद रानी बेगम ने एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए सनातनी धर्म अपना लिया है। शहर की अनगढ़ टौरिया पर आयोजित एक कार्यक्रम में साधु-संतों और हनुमान जी को साक्षी मानकर उनकी घर वापसी संपन्न कराई गई। शुद्धिकरण के बाद उन्होंने अपना मूल नाम शीला यादव पुनः धारण कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक शीला यादव मूल रूप से ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा की निवासी हैं और उनके पिता का नाम चिंटोले यादव है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में उन्होंने साबिर काजी के साथ निकाह के बाद उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाया था और लगभग 21 वर्षों तक वैवाहिक जीवन व्यतीत किया। हालांकि, वहां की जीवनशैली और परंपराओं को पूरी तरह आत्मसात न कर पाने के कारण उन्होंने वर्ष 2018 में साबिर काजी से तलाक ले लिया था। तभी से वे हिंदू धर्म की ओर लौटने का मन बना चुकी थीं, लेकिन धार्मिक रीति-रिवाजों से घर वापसी अब संपन्न हुई है। शीला यादव ने अपने इस निर्णय का श्रेय बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा चलाए जा रहे घर वापसी और हिंदू राष्ट्र अभियान को दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म ही उनकी आत्मा से जुड़ा है। अपनी पहचान की इस लड़ाई में उन्होंने समाचार पत्रों में इश्तिहार प्रकाशित कराने और आधार कार्ड अपडेट कराने जैसे कानूनी कदम भी उठाए हैं। शीला यादव ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से वे कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रही हैं ताकि उनके सभी शासकीय दस्तावेजों में रानी बेगम के स्थान पर शीला यादव नाम दर्ज हो सके, लेकिन अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। शीला ने सनातन धर्म सेवा समिति और स्थानीय साधु-संतों ने प्रशासन से मांग की है कि उसके संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके दस्तावेजों में नाम व धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने में उसकी मदद की जाए। इस मौके पर जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रंगारी महाराज, अनगढ़ टौरिया के महंत महावीर दास जी महाराज, पं. सौरभ तिवारी, राजकुमार अवस्थी, हरीश मिश्रा, विजय व्यास, आनंद चौबे, विष्णुशंकर चौबे, मोनू पौराणिक, संतोष मिश्रा, संजू तिवारी, नीरज पांडे, अशोक द्विवेदी, जुगल किशोर पाठक, नीरज भार्गव, शिवसेना प्रमुख मुन्ना तिवारी, समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल, बबलू शर्मा, गौरीशंकर तिवारी, कुलदीप अवस्थी,श्रीराम पौराणिक, दीपक मिश्रा, टिंकू महाराज, ज्ञानेंद्र वैद्य, अशोक बिंदुआ, पुरुषोत्तम तिवारी, जीतू महाराज, अरविंद अवस्थी, केतन अवस्थी, राजेन्द्र शर्मा, प्राशीष नारायण चतुर्वेदी सहित दर्जनों संत, पुजारी, कर्मकांडी ब्राह्मण उपस्थित रहे।



### युवक ने लगाए पत्नी को बंधक बनाने के आरोप

## मजदूरी के दौरान लापता हुई थी पत्नी, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। सटई थाना अंतर्गत ग्राम छापर निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को एक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अवैध रूप से अपने पास रखने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर आवेदन सौंपा और रीवा निवासी आरोपी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही कर अपनी पत्नी को वापस दिलाने की मांग की है। छापर निवासी मुकुंदी अहिरवार ने बताया कि वह अपनी पत्नी रिंकी और दो बच्चों के साथ हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मजदूरी करता था। 16 अक्टूबर 2025 को उसकी पत्नी अचानक बच्चों सहित लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसने हिमाचल प्रदेश में दर्ज कराई थी। पीड़ित का आरोप है कि बाद में उसे पता चला कि उसकी पत्नी को सत्यदेव चर्मकार निवासी उतरातुड़िया जिला रीवा ने बहला-फुसलाकर अपने पास रख लिया है। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने उसके दोनों बच्चों को तो वापस भेज दिया है, लेकिन उसकी पत्नी को अभी भी अपने कब्जे में रखा हुआ है। जब मुकुंदी अपनी पत्नी को लेने रीवा पहुँचा, तो आरोपी सत्यदेव और उसके परिजनों ने उसे कट्टे की नोक पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। उसने प्रशासन से गुहार लगाई है कि आरोपी के चंगुल से उसकी पत्नी को मुक्त कराकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

## 40वें अखिल भारतीय महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज़

### उद्घाटन मुकाबले में गढ़ीमलहरा ने झांसी को पेनल्टी शूटआउट में दी शिकस्त



गढ़ीमलहरा।

नगर के ऐतिहासिक महात्मा गांधी खेल मैदान में बुधवार को 40वें अखिल भारतीय महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट का गरिमामयी शुभारंभ हुआ। खेल प्रेमियों के भारी उत्साह के बीच इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए और दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत की गई।

उद्घाटन मैच गढ़ीमलहरा महात्मा गांधी फुटबॉल क्लब और झांसी जेएफएफ की टीमों के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ज्योति चौरसिया ने मैदान पर उतरकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर खेल प्रारंभ कराया। अपने संबोधन में उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गढ़ीमलहरा में फुटबॉल की यह परंपरा खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। मुकाबले की बात करें तो दोनों ही टीमों ने मैदान पर जबरदस्त तालमेल और आक्रामकता दिखाई। निर्धारित समय की समाप्ति तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट (पेनल्टी स्ट्रोक) के माध्यम से लिया गया। रोमांचक शूटआउट में गढ़ीमलहरा की टीम ने दो गोल दागकर झांसी को 2-1 से पराजित कर उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर धीरेंद्र नायक, आयोजन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार चौरसिया, सुभाष चौरसिया, दीपेंद्र नायक, शिव स्वरूप चौरसिया, मृणाल महतो, शेख छिद्दू और संतोष चौरसिया सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और नागरिक मौजूद रहे।

## विरासत कला उत्सव के दूसरे दिन भगवान शिव के जीवन दर्शन पर आधारित नृत्य नाट्य की भावपूर्ण



छतरपुर।

स्थानीय ऑडिटोरियम में उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं जिला प्रशासन छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक 'विरासत कला उत्सव' के दूसरे दिन कार्यक्रम ने दर्शकों को अध्यात्म और कला के अद्भुत संगम से मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुधवार शाम करीब 7 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश आजीविका मिशन के जिला संयोजक श्याम गौतम, आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख रविंद्र प्रजापति, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के डीसीडीसी ओ.पी. अरजरिया, वरिष्ठ गांधीवादी प्रेम नारायण मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, दूरदर्शन संवाददाता रशीद खान एवं समाजसेवी संजय शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगवान शिव की भव्य और मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। दिल्ली से आईं अन्वेषणा समिति की निर्देशिका संगीता शर्मा के निर्देशन में कलाकारों ने आदि अनन्त नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी, जिसमें शिव के साकार और निराकार दोनों स्वरूपों को तीन कथाओं के माध्यम से जीवंत किया गया। नृत्य, संगीत और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से शिव के आदि, अनन्त और सर्वव्यापी स्वरूप को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। गौरतलब है कि जिला प्रशासन डीएटीसीसी के सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय संयोजन शिवेन्द्र शुक्ला और शंखनाद नाट्य मंच का है।

# चंदला पुलिस की बड़ी स्ट्राइक, जुए के फड़ से 21 जुआरी दबोचे

### 1.42 लाख की नगद और 4 कारें जब्त



छतरपुर।

जिले में जुआ और सट्टा माफियाओं के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक संगठित जुआ फड़ पर दबिश देकर अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय जुआरियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। इस कार्यवाही में भारी मात्रा में नगद राशि के साथ ही लग्जरी वाहन भी बरामद किए गए हैं।

चंदला थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर ने बताया कि रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सिंहपुर-सरवई रोड पर एक मकान के पास जुआ संचालित होने की सटीक सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर छापा मारा, जहाँ चबूतरे पर जुआ खेल रहे 21 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में अधिकांश पड़ोसी जिले पन्ना के अजयगढ़ क्षेत्र के निवासी हैं, जो यहाँ आकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने जुआ फड़ और आरोपियों के पास से कुल 1,42,100 रुपये नगद बरामद किए हैं। इसके साथ ही मौके से भागने की तैयारी में खड़े 4 कारें जब्त की गई हैं, जो आगरा, सतना और पन्ना जिलों में रजिस्टर्ड हैं। जब्त किए गए वाहनों और नगदी की कुल कीमत लगभग 32 लाख रुपये आंकी गई है।पकड़े गए आरोपियों में सोहन खटीक पिता रामचरन खटीक निवासी माधवगंज अजयगढ़ पन्ना, संतोष पटेल पिता सीताराम पटेल निवासी वार्ड नंबर 08 चंदला, राजेन्द्र पाल पिता लोचन पाल निवासी अजयगढ़ जिला पन्ना, रफीक मुहम्मद पिता मुहम्मद सफीक निवासी अजयगढ़ जिला पन्ना, भइयन यादव पिता गेंदा यादव निवासी बहादुरगंज थाना अजयगढ़ जिला पन्ना, छोटेलाल पटेल पिता लाल बहादुर निवासी छोटी कीरतपुरा थाना सरबई, पुष्पेन्द्र सोनी पिता राजेन्द्र सोनी निवासी अजयगढ़, हसीब अहमद पिता हबीब अहमद निवासी अजयगढ़ जिला पन्ना, रामप्रकाश राजपूत पिता हरीचरन राजपूत निवासी गोविन्दपुर थाना बंशिया, पवन सोनी पिता हरिकृष्ण सोनी निवासी अजयगढ़ जिला पन्ना और बाबू पटेल पिता रजवा पटेल निवासी अजयगढ़ जिला पन्ना शामिल हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं इस बड़ी कार्यवाही से जुआ प्रेमियों और उनके संरक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 1.90 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ति 5 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 1.90 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही कल्याणी सिंह पति इलू सिंह वार्ड नंबर 7 विलेज खेड़ा पोस्ट खेडा कसार जिला छतरपुर को 20 हजार रुपए, नाथू वाल्मिक पिता मुन्नीलाल वार्ड नंबर 18 अमानगंज मोहल्ला छतरपुर को 35 हजार रुपए, गुलाब सिंह परमार पिता पूरन सिंह परमार वार्ड नंबर 12 बड़ामलहरा कामोदपुरा जिला छतरपुर को 40 हजार इशाक मोहम्मद पिता शेख जहानी नि. वार्ड नंबर 4 अलीगंज मोहल्ला छतरपुर को 45 हजार रुपए, सौरभ वंशकार पिता संतोष वंशकार निवास वार्ड

## खबर संक्षेप

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दो पूर्व सरपंच सहित चार के विरूद्ध वारण्ट जारी किया

**रीवा ।** विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के दो पूर्व सरपंच सहित अन्य चार व्यक्तियों के विरूद्ध निर्माण कार्य की राशि का अपभक्षण करने व राशि न जमा करने पर वारंट जारी किया है। जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत अकौरी की पूर्व सरपंच ललिता देवी एवं ग्राम पंचायत हरदोली के पूर्व सरपंच रमेश कुमार के साथ ही अकौरी के पूर्व सचिव राजकुमार प्रजापति व प्रतिभा उरमलिया, पूर्व सहायक लेखाधिकारी जनपद जवा राजबहोर मिश्रा एवं प्रोपराइटर अवधेश ट्रेडर्स जवा अवधेश सिंह के विरूद्ध वारंट जारी कर थाना प्रभारी को संबंधितों को सेंट्रल जेल रीवा में सुपुर्दगी किए जाकर अवगत कराने के आदेश दिए हैं।

### कुर्की कार्रवाई के दौरान 3 बड़े बकायादारों ने मौके पर चुकाया टैक्स



**रीवा।** शहर के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर प्रभावी एवं निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की/तालाबंदी अभियान निरंतर जारी है। वसूली अभियान को तेज करते हुए नगर निगम राजस्व टीम आज जोन क्रमांक-03 वार्ड क्र. 15 अंतर्गत कार्यवाही के दौरान हीरामणि शुक्ला की बकाया सम्पत्तिकर राशि 107880 रू., अमित कुमार दुबे की बकाया सम्पत्तिकर राशि 42249 रू. एवं संजीव सिंह की बकाया सम्पत्तिकर राशि 105594 रू. तत्काल मौके में चेक/नकद के माध्यम से जमा की गई। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम की राजस्व टीम ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि न जमा करने वालो पर इसी तरह की तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत जवा के उपयंत्री राजेश साकेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक बगिया माँ के नाम परियोजना की समीक्षा के दौरान उपयंत्री द्वारा अपेक्षित प्रगति न होने तथा श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान व सामग्री का भुगतान न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिए गए हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बेड पर सो रहा कुत्ता

**सिलौंडी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कछार गांव बड़ा में घोर लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में अस्पताल के बेड में एक कुत्ता सोता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडिया में देखा जा रहा है कि 27 जनवरी की दोपहर 3 बजे को एक गर्भवती महिला अपने परिजनों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कछार गांव बड़ा में पहुंची पूरे अस्पताल में कोई स्टाफ या कोई भी कर्मचारी नही था और बेड पर कुत्ता सोता मिला। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

### गैस गोदाम से 61 गैस सिलेंडर ले गये बदमाश

**बड़वारा।** थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया स्थित एक गैस सिलेंडर गोदाम को अज्ञात चोरों ने भरे और खाली सिलेंडर पार कर दिए हैं जिसकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात 24 जनवरी की रात हुई। ग्राम रोहनिया स्थित इंडेन गैस सिलेंडर गोदाम के ताले तोड़कर या दीवार फांदकर घुसे अज्ञात आरोपियों ने बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया।

# प्राकृतिक खेती में रीवा का नाम रोशन करने में किसान आगे आयें

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्राकृतिक खेती में रीवा का नाम रोशन करने में किसान आगे आयें और अपने स्वयं एवं परिवार के स्वास्थ्य के साथ जमीन के स्वास्थ्य के लिये प्राकृतिक खेती को अपनायें। उप मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत मरहा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने 37.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित पंचायत भवन (अटल सेवा सदन) का लोकार्पण किया। शुक्ल ने घोषणा की कि मरहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थपित होगा। उप मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण करें और वहां प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र में प्राकृतिक खेती के गुर सीखें और अपनी कृषि योग्य भूमि में से कुछ भाग में इसे अपनाकर लाभ लें इससे आने वाली पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा। शुक्ल ने कहा कि बसामन मामा के प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र की देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सराहना की है। यह देश के तीन उत्कृष्ट गौसंरक्षण केन्द्र व प्रशिक्षण केन्द्र के तौर पर है। प्रधानमंत्री जी ने भी गत वर्षों में रीवा के अपने भ्रमण के दौरान प्रस्तुत धरती माता की पुकार नाटिका के मंथन को गंभीरता से देखा था और अपेक्षा की थी कि किसान प्राकृतिक खेती अपनायें। रीवा जिले में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री जी की मंशानुरूप प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये गये हैं। बसामन मामा, हिनौती गौधाम व हरिहरपुर में प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण केन्द्रों में आसपास के किसानों को लाभ मिलेगा और वह इससे सीखकर अपने खेत में प्राकृतिक खेती कर सकेंगे। शुक्ल ने कहा कि रीवा जिले में एक लाख गौ के आश्रय के लिये संरक्षण केन्द्र के तौर पर गौवंश वन्य विहार बनाये जायेंगे ताकि गौसंरक्षण से प्राकृतिक खेती को जोड़कर किसानों को समृद्ध किया जा सके। उन्होंने किसानों से धरती के सूक्ष्म जीवों के बचाने के लिये प्राकृतिक खेती के प्रकल्प को अपनाने का आह्वान किया। शुक्ल ने संकल्प दोहराया कि किसानों को समृद्ध करने के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किसानों सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ मनुष्य से ही विकसित व स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। स्वस्थ भारत ही विश्वगुरू बनेगा। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गत दिनों बसामन मामा में केन्द्रीय गृह मंत्री जी के आगमन के उपरांत प्राकृतिक खेती को बल मिला है। किसान इस दिशा में आगे आ रहे हैं और यह अपने व अपनी जमीन के स्वास्थ्य के लिये आवश्यक भी है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बनाने में प्राकृतिक खेती आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सेमरिया क्षेत्र में 20 से अधिक अटल सेवा सदन निर्माणाधीन है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सरपंच फणीन्द्र मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संगीता यादव, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय तथागत मिश्रा कबीर, अनिरूद्ध पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने पंचायत परिसर में वृक्षारोपण भी किया।





# चित्रांगन अंतरराष्ट्रीय फिल्म एवं थियेटर फेस्टिबल का हुआ शुभारंभ

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा विकास के क्षेत्र में ही नहीं कला व संस्कृति के क्षेत्र में भी आगे है। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम कला प्रेमियों के लिए वह स्थल बन गया है जहां महानगरों की तरह ही राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। रंग उत्सव नाट¬ समिति द्वारा आयोजित चित्रांगन अन्तराष्ट्रीय फिल्म एवं थियेटर फेस्टिबल के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महाभारत सीरियल में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नीतिश भारद्वाज के चर्चित नाटक चक्रव्यूह की प्रस्तुति रीवा के सुधी दर्शकों को अविभूत कर गई और हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें यह नाट¬ मंचन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि नीतिश भारद्वाज व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत नाटक का मंचन मानस पटल पर चिरकाल तक अविस्मरणीय रहेगा। शुक्ल ने कहा कि रीवा के लोग रिश्ते बनाना नहीं रिश्ते निभाना भी जानते हैं जिसका उदाहरण यह राजकपूर आडिटोरियम है जहाँ राजकपूर जी का विवाह हुआ था और अब इस स्थान में भव्य आडिटोरियम कला व संस्कृति प्रेमियों के लिये माध्यम बना है। शुक्ल ने आयोजन समिति को बधाई दी जिनके प्रयासों से यहां के लोगों ने इसका मंचन देखा। इस अवसर पर नीतिश भारद्वाज ने कहा कि राजकपूर आडिटोरियम में नाटक खेलने में आनंद आ गया। रंगमच और सिनेमा समाज का दर्पण है। उन्होंने रीवा के सुधी दर्शकों की समझ की सराहना भी की। कार्यक्रम में कुलगुरू माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय विजय मनोजर तिवारी, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, राजकुमारी मोहिना सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, निदेशक अतुल सत्य कौशिक, संजय श्रीवास्तव, जयराम शुक्ल सहित बड़ी संख्या में कलाप्रेमी व सुधी दर्शक उपस्थित रहे।







### बिना अनुमति संचालित बारात घर में ननि ने जड़ा ताला

**रीवा।** निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा अनाधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध कार्यवाही अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 29 जनवरी को नगर निगम टीम द्वारा वार्ड क्र. 08 अंतर्गत बिना नगर निगम के अनुज्ञा प्राप्त किए हुए संचालित बारात घर पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए बाला जी मैरिज गार्डेन पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी सहित नगर निगम का अमला उपस्थित रहा। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे शहर में अवैध रूप से संचालित बारात घरों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके एवं सभी बारात घर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

# धान की फीडिंग नहीं होने से भड़के किसान, त्योंथर में 5 ट्रक रोके एक माह से 4 हजार क्विंटल धान का भुगतान अटका

**रीवा।** जिले के त्योंथर क्षेत्र में धान खरीदी को लेकर किसानों का आक्रोश गुरुवार को खुलकर सामने आ गया। धान की फीडिंग लंबे समय से लंबित होने से नाराज किसानों ने परसिया धान खरीदी केंद्र से परिवहन के लिए रवाना हो रहे 5 ट्रक धान को केंद्र परिसर में ही रोक लिया। किसानों की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया और जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता कमांडो अरुण गौतम के नेतृत्व में किसान संगठन एवं बड़ी संख्या में किसानों ने खरीदी केंद्र पर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि केंद्र में तौला जा चुका हजारों क्विंटल धान पिछले एक महीने से पड़ा हुआ है, लेकिन अब तक उसकी फीडिंग नहीं की गई, जिससे उन्हें भुगतान नहीं मिल पा रहा है और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। किसानों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर फूड कंट्रोलर, जनरल मैनेजर, डीआरसीएस, एडिशनल एसपी सहित क्षेत्र के एसडीएम और अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक खरीदी केंद्र में तौले गए धान की फीडिंग तत्काल नहीं की जाती, तब तक वे किसी भी ट्रक को जाने नहीं देंगे। किसानों ने बताया कि परसिया खरीदी केंद्र में करीब 40 किसानों का लगभग 4,000 क्विंटल धान पिछले एक माह से तौलकर रखा गया है। धान की फीडिंग न होने के कारण न केवल भुगतान अटका हुआ है, बल्कि किसानों को अन्य व्यावहारिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। कई किसान रोजाना केंद्र के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसानों का यह भी कहना है कि इससे पहले भी उन्होंने धरना-प्रदर्शन कर संबंधित विभागों को शिकायत पत्र सौंपे थे, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। इसी कारण आज किसानों का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने ट्रकों को रोककर विरोध दर्ज कराया। वहीं अधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी समिति के नियमों के अनुसार किसानों से धान तौलकर उसे शासकीय बोरियों में सील पैक कर लिया गया है। समस्या सिर्फ पोर्टल बंद होने के कारण फीडिंग न हो पाने की है। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही पोर्टल खुलेगा, धान की फीडिंग कर दी जाएगी। इस संबंध में भोपाल स्तर पर चर्चा चल रही है। प्रशासन की समझाइए इसके बाद आखिर किस मान गए और धन्य प्रदर्शन समाप्त किया।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करें - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटना के दो ब्लैक स्पॉटों में सुधार का कार्य किया जा रहा है। अन्य स्थलों में भी साइन बोर्ड लगाने और स्पीड ब्रोकर बनाने का कार्य तत्परता से करें। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करें। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई करें। ई डॉर पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की मॉनीटरिंग करने पर इनमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि चोरहटा से रतहरा रिंग रोड के अनावश्यक कट्स तत्काल बंद कराएं। जय स्तंभ चौक पर सड़क को चौड़ा करने, रोटरी को छोटा करने तथा यातायात को सुगम बनाने के अन्य उपायों पर तत्परता से कार्यवाही करें। माडल रोड में रेलवे ओवर ब्रिाज से बायपास के बीच तीन बड़ी कालोनियों के सामने स्पीड ब्रोकर बनाएं। वाहनों की अधिक गति के कारण यहाँ अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त तथा पुलिस के अधिकारी मिलकर ई रिक्शा और आटो रिक्शा को व्यवस्थित कराएं। भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर ई रिक्शा को प्रतिबंधित करके यातायात सुगम करें। रीवा-हनुमना तथा मनगवां-प्रयागराज हाईवे में कई जगह ढावा संचालकों तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कट बना लिए गए हैं। इन्हें बंद कराने के साथ अवैध कट्स बनाने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करें। बैठक में एमपीआरडीसी के जिला प्रबंधक विनोद तंतुवाय ने बताया कि सोहागी घाट के सुधार के लिए टेण्डर की कार्यवाही की जा रही है। कलवारी मोड़ पर भी दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक साइन बोर्ड लगाए गए हैं। निर्माणाधीन बायपास में भी साइन बोर्ड पर्याप्त संख्या में लगाए गए हैं। बैठक में ऑल इंडिया परमिट बसों के बस स्टैण्ड में प्रवेश पर कार्यवाही, बस संचालकों के साथ बैठक करके पुराने और नए बस स्टैण्ड में सड़कों पर सवारी बैठाने पर रोक संबंधी कार्यवाही तथा यातायात नियमों के प्रचार-पसार के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि राहवीर योजना में गोल्डन ऑवर में दुर्घटना पीड़ित को सहायता देकर अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को कैशलेस उपचार योजना के तहत डेढ़ लाख रुपए तक की उपचार सहायता निःशुल्क देने का प्रावधान है। यह योजना औपचारिक रूप से शीघ्र ही शुरू हो रही है। इसमें 48 अस्पतालों को शामिल किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, प्रभारी डीएफओ नितेश खण्डेलवाल, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीओपी उदित मिश्रा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# विधायक तथा कलेक्टर ने भैरवनाथ मंदिर लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

रीवा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करके मंदिर में ध्वज चढ़ाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर के समीप आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा। विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मंदिर परिसर, मुख्य कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हेलीपैड स्थल में चारों ओर से बेरिकेडिंग कराएं। मंदिर के लोकार्पण के समय सीमित संख्या में लोगों को मंदिर में प्रवेश दें। समारोह में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। उनके बैठने, पेयजल और सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध करें। वाहनों के पार्किंग स्थल रैम्प बनाकर आवागमन सुगम कराएं। कलेक्टर ने मंदिर की साज-सज्जा, मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा समारोह से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल, कार्यकारी संचालक आईडीसी यूके तिवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्राम पंचायत सचिव का वित्तीय अधिकार समाप्त

रीवा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत जवा के ग्राम पंचायत सचिव इटौरी एवं ग्राम पंचायत बाबा की बरौली (अतिरिक्त वित्तीय प्रभार) हरिहर बारी के वित्तीय अधिकार समाप्त करने के आदेश दिए हैं। सचिव द्वारा पूर्व में जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत लूक में पद पर रहते हुए वित्तीय अनियमितता की गई थी। जाँच कराए जाने पर सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा राशि की वसूली होने तक सचिव का ग्राम पंचायत इटौरी एवं ग्राम पंचायत बाबा की बरौली (अतिरिक्त वित्तीय प्रभार) के वित्तीय अधिकार समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं। बारी वर्तमान में ग्राम पंचायत के अन्य सचिवीय कार्य यथावत करते रहेंगे।

# कलेक्टर ने गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने पर 8 संचालकों को दिया नोटिस

मऊगंज

**कलेक्टर संजय कुमार जैन जिले में गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने पर 8 ग्राम पंचायत संचालकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब सात दिवस के भीतर प्रस्तुत न करने पर अनुशासनात्मक, अनुबंध समाप्ति और वसूली की कार्रवाई की जाएगी।**

नोटिस के अनुसार विभिन्न अधिकारियों द्वारा पंचायतों में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 8 ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं के संचालन में लापरवाही पाई गई जिस पर संबंधित गौ संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। जिन गौ संचालकों को नोटिस जारी किया गया है उनमें अम्बेडकर स्वसहायता समूह ग्राम पंचायत पनिगवां, संचालक ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़, अमरीश मिश्रा अटरिया शिवप्रसाद, श्रीमती राजकली मिश्रा पांती मिश्रान, संचालक पिपराही, संचालक गनिगवां, संचालक शिवराजपुर एवं संचालक सरैहा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।



# मझिगवां में कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेती से संबंधित दी गई जानकारी

मऊगंज



**जिले के जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम मझिगवां मे कृषक वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि विभाग से SADO उमेश चंद्र हतागले द्वारा किसानो को खाद प्राप्त करने हेतु ई टोकन प्रणाली की जानकारी दी गई, अरुण इंगला कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा नरवाई प्रबंधन तथा कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई।**

मुस्कान उद्यान विस्तार अधिकारी के द्वारा उद्यानिकी संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। रामबहादुर सिंह द्वारा पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। राकेश सेन द्वारा फसल बीमा संबंधित जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सरपंच के साथ ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।